हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जून 2026


तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

10 परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन आज



12 जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरी, लगाएं पौधे





## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी और बिक्री करने वाले संगठित गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार



**भाटापारा।** ग्रामीण पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम तरेंगा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी अमर यदू को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी से 4600 मूल्य का 40 पौवा देसी मसाला शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं 111 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
पुलिस ने बताया कि भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री पर नकल कसने के लिए इस सप्लाई चैन का पता लगाकर पर्दाफाश करना भी अत्यंत आवश्यक था। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा द्वारा भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री/तस्करी करने वाले सप्लाई चैन एवं इस संगठित गिरोह का पता लगाते हुए इसके सभी सदस्यों को गिरफ्तार करने संबंधी निर्देशों के परिपालन मे ग्रामीण पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर कडी दर कडी जोडते हुए क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने का संगठित गिरोह चलाने वाले अन्य 2 अन्य आरोपी ग्राम सिंगारपुर निवासी घनाराम साहू 38 वर्ष निवासी और दुर्गा प्रसाद यादव 24 वर्ष निवासी ग्राम तरेंगा को हिरासत में लिया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों द्वारा अवैध रूप से लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से संगठित गिरोह बनाकर क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को 4 जून को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### पर्यावरण दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में रोपे गए पौधे



**भाटापारा।** कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं कृषकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।
कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर की गई। उन्होंने उपस्थित कृषकों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, जल एवं मृदा संसाधनों के संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर प्रत्येक नागरिक की दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनना चाहिए। स्वस्थ पर्यावरण ही कृषि, मानव स्वास्थ्य तथा आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।
इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें फलदार, छायादार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया गया। वैज्ञानिकों एवं कृषकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।
कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने कृषकों को कृषि वानिकी, जैविक पदार्थों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही किसानों को पर्यावरण संरक्षण में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# मांग के बाद भी नहीं बना पुल, अब ग्रामीण स्वयं श्रमदान कर निर्माण में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत महानदी तट पर बसे वनग्राम दौनाझर एवं घिरघोल के ग्रामीण वर्षों से पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित इन गांवों तक पहुंचने के लिए एक बड़े नाले को पार करना पड़ता है, जो बरसात के दिनों में उफान पर आ जाता है और आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार, बरसात में किसी व्यक्ति की तबीयत खराब होने पर उसे चार लोगों के सहारे उठाकर नाला पार कराना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए जान जोखिम में डालकर ग्राम पुटपुरा तक पहुंचना पड़ता है। यह नाला ग्राम पिपरछेड़ी की ओर से बहते हुए महानदी में अमेठी एनीकेट के लगभग 200 मीटर नीचे जाकर मिलता है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण की मांग को लेकर कई बार जनदर्शन, सुशासन तिहार तथा अन्य माध्यमों से शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। लगातार उपेक्षा से निराश ग्रामीणों ने अब स्वयं आगे बढ़कर श्रमदान और आपसी सहयोग से स्थायी पुल निर्माण का निर्णय लिया है।

ग्राम दौनाझर के ग्रामीणों का कहना है कि पुल नहीं होने की सबसे बड़ी समस्या उन्हें ही झेलनी पड़ती है, इसलिए अब वे अपने संसाधनों और श्रम से पुल निर्माण का कार्य ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पुल निर्माण से कई गांवों का आवागमन होगा सुगम




ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से बनाए जा रहे इस पुल के पूर्ण होने पर दौनाझर, घिरघोल सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। इस जनसहभागिता आधारित कार्य में पीतांबर पैकरा, सुरेश दीवान, केदार ध्रुव, फत्ते निषाद, ईश्वरी प्रसाद वर्मा सहित ग्राम दौनाझर के समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान और सहयोग उल्लेखनीय है।

## बैठक : 453 शिक्षकों एवं स्वास्थ्य सुविधा के लिए 99 पदों की होगी व्यवस्था

# डीएमएफ की राशि का होगा बेहतर उपयोग, परिषद की बैठक में निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा की उपस्थिति में कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया एवं आगामी पंचवर्षीय कार्ययोजना की रूप रेखा पर चर्चा की गई।

- शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल पर विशेष फोकस, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन प्राथमिकता

बैठक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफ की राशि का बेहतर सदुपयोग पर विस्तृत चर्चा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही युवाओं के लिये कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए कार्ययोजना बनाने का निर्णय लिया गया।




### उन्नत कृषि तकनीकों पर फोकस

इसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में चिकित्सा विशेषज्ञ, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्नीशियन आदि के कुल 99 पदों की व्यवस्था की गई है। जिससे जिले में बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में जहां कुपोषित बच्चों के लिए पोषण आहार को प्राथमिकता में शामिल किया गया है, वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों एवं युवाओं के आजीविका सृजन हेतु विशेष योजनाओं को कार्य योजना में सम्मिलित किया गया है। वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में सुधार हेतु आजीविका सृजन के उपाय सहित आवश्यक उपकरण की उपलब्धता भी योजना में शामिल किया गया है। कृषि क्षेत्र में उन्नत कृषि तकनीकों पर फोकस किया गया है।भौतिक अधोसंरचना विकास हेतु सड़कों, पुल-पुलिया का मरम्मत आदि को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।ऊर्जा के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हाई-मॉस्ट लाईट की व्यवस्था, पी.एम. सूर्यधर अंतर्गत अंशदान एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों से प्रकाश व्यवस्था तथा शासन की योजनाओं के अनुरूप कार्य योजना तैयार किया गया है।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जिला बलौदाबाजार- भाटापारा को डीएमएफ के तहत बड़ी राशि मिलती है जिसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, कुपोषण उन्मूलन में प्राथमिकता से हो।खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास, जनसुविधा सहित आधोसंरचना निर्माण के लिये कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-17 से स्वीकृत कार्य जो अब तक अप्रारम्भ है या पूर्ण नहीं हुआ है उनकी समीक्षा की जाए।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि डीएमएफ की राशि का सदुपयोग कर जिले की तस्वीर, तकदीर व सूरत बदली जा सकती है। उन्होंने नई गाइडलाईन के अनुसार राशि का उपयोग तय अनुपात अनुसार एवं क्षेत्र अनुसार करने कहा।उन्होंने स्कूल, कॉलेज एवं शासकीय भवनों के बाउंड्रीवाल के किनारे बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने, स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व्यवस्था पर जोर दिया। बैठक में डीएमएफ कार्य योजना में बेसलाईन सर्वे के आधार पर खनन प्रभावित ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू और बेल्ट से हमला दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़े भरसेला में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू और बेल्ट से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के महज 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी रोमनाथ वर्मा निवासी ग्राम बड़े भरसेला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 जून की रात करीब 8 बजे वह दुकान से सामान लेकर अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान नहर पुल के पास गांव के ही बेदराम ध्रुव और महेंद्र पैकरा ने उसका रास्ता रोक लिया। पुरानी रंजिश की बात को लेकर दोनों आरोपियों ने प्रार्थी के साथ अश्लील गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्के, बेल्ट तथा चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में रोमनाथ को गंभीर चोटें आई हैं।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 296, 351(2), 118(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

इस मामले में आरोपी बेदराम ध्रुव उर्फ बेदू 20 वर्ष निवासी ग्राम बड़े भरसेला और महेंद्र पैकरा 19 वर्ष निवासी ग्राम बड़े भरसेला को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# जिला पुलिस का 'बलवा ड्रिल' का पूर्वाभ्यास कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी समय में जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति या कानून-व्यवस्था की समस्या से निपटने के लिए 5 मई को प्रातः 7 बजे से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में एक वृहद 'बलवा ड्रिल' (दंगा नियंत्रण अभ्यास) का आयोजन किया गया। यह पूर्वाभ्यास पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में हुआ।

**स्वाट टीम और पुलिस बल का संयुक्त अभ्यास**

इस विशेष पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जिले की स्वाट टीम और पुलिस बल के जवानों ने हिस्सा लिया।



अभ्यास के दौरान विपरीत परिस्थितियों में भीड़ को तितर-बितर करने, उपद्रवियों पर नियंत्रण पाने और शांति व्यवस्था बहाल करने के विभिन्न चरणों का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

**अत्याधुनिक उपकरणों और रणनीतियों का प्रदर्शन**

बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों को विभिन्न प्रकार के दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे- आंसू गैस के गोले छोड़ना, केन शील्ड का उपयोग, लाठी चार्ज की सही तकनीक और वज्र वाहन के इस्तेमाल का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही, स्वाट टीम ने रणनीतिक रूप से मोर्चा संभालते हुए ▶▶|शेष पेज 10 पर

## भालूकोना, जरौद और नारायणपुर में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शनिवार 6 जून को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत भालूकोना, सिमगा के ग्राम पंचायत जरौद एवं कसडोल के ग्राम पंचायत नारायणपुर में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 55 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे। शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। भालूकोना शिविर में ग्राम पंचायत हरदी, कारी, कोहरौद, बगबुड़ा, खैदा (खैरा), बम्हनपुरी, तुरमा, खैरा, कुम्हारी, धाराशिव, चितावर, कोयदा, चंगोरी, सुनसुनिया, सिरियाडीह, भालूकोना, लाटा, परसापाली एवं सिंघारी शामिल होंगे। जरौद शिविर में ग्राम पंचायत फरहदा, जरौद, मटिया, ▶▶|शेष पेज 10 पर

# रेलवे ने 15 दिनों तक चलाया टिकट चेकिंग अभियान, 2836 बगैर टिकट यात्री मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा टिकटधारी यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने, यात्रियों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर सख्त निगरानी, यात्रा में पारदर्शिता एवं अनुशासन लाने के उद्देश्य से टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे ने नाका टिकट चेकिंग अभियान 21 मई से 4 जून तक 15 दिनों में 2836 केस से 18,09,165 रुपए राजस्व प्राप्त किया।

नाका टिकट चेकिंग अभियान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बिजय



कुमार के निर्देश पर चलाया गया। जिसमें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद के नेतृत्व मे चलाया गया। 4 जून को रायपुर मंडल के रायपुर एवं भाटापारा स्टेशन में विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसमें वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक, टीटीई शामिल थे। इस विशेष जांच अभियान के दौरान यहां से गुजरने ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पुनर्निर्माण की मांग, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर सौंपा ज्ञापन

# करोड़ों की पेयजल योजना, अमेठी ऐनिकट सूखे के कारण अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी नगर को महानदी के अमेठी घाट ऐनिकट से पेयजल उपलब्ध कराने प्रारंभ की गई करोड़ों की योजना लगभग बनकर पूर्ण हो गई है, लेकिन ऐनिकट में पानी नहीं होने के कारण यह योजना चालू नहीं हो पा रही है। इस संबंध में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नगर पंचायत पलारी के पूर्व उपाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा को जर्जर ऐनिकट का पुनर्निर्माण कर पलारी को पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई योजनाको प्रारंभ करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। पूर्व कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष ने अपने आवेदन में कहा है कि नगर पंचायत पलारी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमेठी घाट महानदी से पलारी नगर तक 15किलोमीटर



लंबी पाइप लाइन, इंटकवेल तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सहित करोड़ों रुपये की लागत से महत्वपूर्ण पेयजल योजना निर्मित की गई हैं। इस योजना के लगभग सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, किंतु अमेठी ऐनिकट में जल संचयन नहीं हो पाने के कारण आज तक पलारी नगरवासियों को इस योजना का अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो सका है।यहाँ यह बतानालाजिमी है कि ग्रीष्म ऋतु आते ही पलारी नगर में पेयजल संकट उत्पन्न हो जाता है। वाटरलेबल डाउन हो जाता है। बोरवेल सूखने लग जाता है। नगर के अधिकांश वार्डों में टैंकर ही पानी का एकमात्र सहारा होता है। इसी संकट से निबटने और भविष्य में जल संकट की समस्या के समाधान के लिए अमेठी एनिकट से पाइप लाइन बिछाकर पलारी को पेयजल आपूर्ति करने इसे योजना की स्वीकृति दी गई थी। पूर्व जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व तक अमेठी ऐनिकट में वर्षभर पर्याप्त जल संग्रहित रहता था, जिससे आसपास के ग्रामीण ▶▶|शेष पेज 10 पर

# सुशासन तिहार सिर्फ पेपरबाजी तक सीमित: विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार सिर्फ ढकोसला बन कर रह गया है और सरकार सिर्फ पेपर बाजी करवा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। आम जनता, ग्रामीण किसान सब बेबस हो चले हैं। उन्हें ना तो पानी मिल रहा, ना खाद मिल रही और ना ही नियमित रूप से बिजली मिल रही है, उक्त आरोप विधायक इन्द्र साव ने प्रेस को जारी बयान में लगाया है।



विधायक इंद्र साव ने कहा कि सुशासन तिहार भाजपा सरकार के गले की फांस बन चुका है। छत्तीसगढ़ के हर जिले के सुशासन तिहार में जनता का आक्रोश गुस्सा और सरकार की नाकामी सामने आ रही है, जिसका उदाहरण उनके विधान सभा क्षेत्र में भी देखने को मिला है। जब सिमगा नगर में शंकर नगर के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में आए 610 आवेदनों में से कोई भी आवेदन का निराकरण सरकार के अधिकारी नहीं कर पाए,जबकि इन आवेदन में 560 आवेदन मांग से संबंधित और 50 आवेदन शिकायत से संबंधित था। जिसमें से किसी का भी निराकरण ना हों पाना जनता की भावनाओं से खिलवाड़ है। विधायक साव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे शिविर के लिए क्लस्टर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों से सरपंच सचिव के माध्यम से ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### दिवंगत प्रधान पाठक के परिजनों को मिला 10 लाख का इंश्योरेंस क्लेम

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों के लिए जनवरी 2026 से सैलेरी पैकेज योजना लागू की गई है। जिसके तहत सेवा में रहते हुए अधिकारी कर्मचारियों की दुर्घटना से मृत होने पर एक करोड़ रुपये व सामान्य मृत होने पर दस लाख रुपए का इंश्योरेंस होता है।जिसे मृतक अधिकारी कर्मचारी के नामांकित सदस्य को संबंधित बैंक द्वारा प्रदान किया जाता है। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत श्री सेवा राम वर्मा प्रधान पाठक पद पर पंडित चक्रपाणि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बलौदाबाजार में कार्यरत थे जिसका शासकीय सेवा में रहते हुए हदयाघात से दिनांक 12 फरवरी 2026 को निधन हो गया।जिसका सैलेरी पैकेज खाता भारतीय स्टेट बैंक गार्डन चौंक बलौदाबाजार में संचालित था। छत्तीसगढ़ शासन के सैलेरी पैकेज योजना के तहत मृतक की पत्नी लक्ष्मी वर्मा को बैंक के प्रबंधक नितिन गिरी गोस्वामी एवं राजन कुमार द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री के एस मेरावी की उपस्थिति में दस लाख रुपए की इंश्योरेंस राशि की चेक प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के ऋतु शुक्ला, एम एल साहू, अरुण वर्मा, रुपेश कमल, रमेशकुमार साव, नवीन वर्मा सहित कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण व मृतक की सुपुत्री पदमनी वर्मा उपस्थित थी।इस योजना के तहत लाभ केवल उन्हीं अधिकारी कर्मचारियों के परिवार को होता है जिसके बैंक खाता सैलरी पैकेज में परिवर्तन कराया गया हो।

### प्रकृति प्रेम, ऊर्जा संरक्षण और स्वास्थ्य का है संदेश



**भटगांव।** नगर भटगांव निवासी एवं शासकीय हाई स्कूल पिरदा के व्याख्याता महेंद्र कुमार सोनी वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय हैं। वे प्रतिदिन लगभग 100 पौधों को पानी देते हैं तथा हर वर्ष कम से कम 51 नए पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प निभा रहे हैं। भटगांव कॉलेज मैदान में लगाए गए करीब 150 पौधों की देखरेख भी वे पिछले दो वर्षों से कर रहे हैं। भीषण गर्मी में पानी की कमी होने पर वे डेढ़ किलोमीटर दूर तालाब से साइकिल द्वारा पानी लाकर पौधों को सींचते हैं।

## कार्यक्रम : प्राप्त आवेदन का समयबद्ध निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश

# सुशासन तिहार में मिले 1627 आवेदन कई प्रकरणों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव/ बिलाईगढ़

सुशासन तिहार के अंतर्गत बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र के अंतिम ग्राम पंचायत मड़कड़ी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा- अर्चना के साथ किया गया। शिविर में मड़कड़ी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां जिला स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं जनप्रतिनिधियों ने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में कुल 1627 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। प्राप्त आवेदनों में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि मड़कड़ी में आयोजित यह समाधान शिविर अत्यंत सफल रहा है, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है तथा शेष आवेदनों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। यह बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र का अंतिम समाधान शिविर है तथा जिले में अब तक सुशासन तिहार के अंतर्गत लगभग 22 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 19 हजार से अधिक आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जा चुका है और सभी आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जिला और जनपद पंचायत के सदस्य, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, एसडीएम बिलाईगढ़ प्रफुल रजक, जनपद पंचायत सीईओ प्रतीक प्रधान, तहसीलदार कमलेश सिदार, नायब तहसीलदार, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**दिव्यांग सम्मेलाल केवट को मिली ट्राइसाइकिल**

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत ग्राम कैथा निवासी दिव्यांग सम्मेलाल केवट ने ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। विभाग द्वारा आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए शिविर स्थल पर ही उन्हें ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने अपने हाथों से सम्मेलाल केवट को ट्राइसाइकिल वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण -** शिविर के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन तथा जनप्रतिनिधियों ने स्कूल परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को कीटनाशक दवा एवं बीज प्रदान किए गए। राजस्व विभाग ने किसान किताब के लिए प्राप्त 5 आवेदनों का तत्काल निराकरण कर किसानों को किसान किताब वितरित की। शिक्षा विभाग द्वारा 5 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं गणवेश प्रदान किए गए। खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3 महिला हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरित किए गए।

# परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत जामडीह (मुंडा) में आज छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज, लवन राज के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, तकनीकी एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है।

- **प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं का होगा**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री तथा बलौदाबाजार जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरीशंकर अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संदीप साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज, लवन राज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा करेंगे।

समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा एवं पूर्व विधायक बिलाईगढ़, आनंद यादव अध्यक्ष भाजपा जिला बलौदाबाजार, आकांक्षा गोलू जयसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलोदाबाजार भाटापारा, पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, सुमन योगेश वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार, रामावतार वर्मा पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ परगियाकुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज, विजय यादव महामंत्री भाजपा जिला बलौदा बाजार, रामलाल कुर्रे अध्यक्ष भाजपा मंडल लाहोद, अनुपम बाजपेई अध्यक्ष भाजपा मंडल लवन, शिवमंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत लवन, शिव वर्मा जनपद सदस्य अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा मंडल लवन, गर्जेद्री वर्मा सदस्य जनपद पंचायत बलौदाबाजार, होरेलाल वर्मा सरपंच जामडीह, भानु प्रताप वर्मा लम्मरदार जामडीह, डॉक्टर छबिलाल वर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, पुनीत वर्मा नीज़ सचिव, सामान्य प्रशासन शिक्षा विभाग डॉक्टर नीरज वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री करुणा वर्मा, वैज्ञानिक अधिकारी कुमुदिनी वर्मा नर्सिंग ऑफिसर बलौदाबाजार, सुभद्रा वर्मा नर्सिंग ऑफिसर बिलासपुर, उर्वशी वर्मा नर्सिंग ऑफिसर रायपुर, रमेश कुमार वर्मा टेक्नीशियन डिस्ट्रीब्यूटर विद्युत विभाग बलौदाबाजार, केमल वर्मा टेक्नीशियन डिस्ट्रीब्यूटर विद्युत विभाग रायपुर, कृपाराम वर्मा पटवारी राजस्व विभाग मुंडा, राहुल वर्मा पटवारी राजस्व विभाग होंगे । इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ परगियाकुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, सह सचिव राम कृपाल वर्मा, लोकपाल परसराम वर्मा, धरम वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, परमानंद वर्मा, ऑडिटर पापू राम वर्मा, यावत वर्मा, सलाहकार अवध राम वर्मा, सरोज वर्मा, कोमल प्रसाद वर्मा, ताराचंद वर्मा सम्मिलित होंगे ।

समाज के मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में समाज की प्रगति, शिक्षा के विस्तार, युवाओं की सहभागिता, सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, ग्राम प्रमुख, युवा अध्यक्ष सहित लवन राज क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे।

# सुहेला-बिटकुली क्रेशर क्षेत्र में पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुहेला-बिटकुली क्रेशर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र के क्रेशर संचालकों ने अपने-अपने क्रेशरों, खदानों एवं कार्यालय परिसरों के सामने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर क्रेशर संचालकों ने कहा कि औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। उद्योगों के आसपास हरित क्षेत्र विकसित करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण से प्रदूषण नियंत्रण, भू-जल संरक्षण एवं जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। सभी लोगों को पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए।





ग्राम पंचायत खपराडीह में सरपंच गजेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पथररा तालाब परिसर में मौल श्री औषधीय प्रजाति के 15 पौधे ट्री-गार्ड सहित रोपे गए। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सरपंच गजेंद्र वर्मा ने कहा कि /"पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, स्वच्छ वातावरण एवं प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए और पौधारोपण को जन आंदोलन का रूप देना चाहिए।

कार्यक्रम में उपसरपंच मधु हेमंत नायक, पंचगण दीपक बद्मार, प्रदीप निर्मलकर, द्रौपदी यादव, मोनिका बद्मार, परमेश्वर बद्मार, परमेश्वर साहू, रेनू वर्मा, ममता वर्मा, अशोक भारतीय एवं किरण कर्मकार, ग्राम पंचायत सचिव लीला दरधुर, रोजगार सहायक राजुलेश्वर बद्मार, शिक्षक प्रदीप बद्मार, ग्रामीणजन देवलाल वर्मा, मिथलेश वर्मा, निरंजन वर्मा, रामनाथ यादव, मोहन सोनवानी , रमेश बंजारे, रामकुमार वर्मा, संतराम बघेल, लता यादव, मीना यादव, हीराबाई भरद्वाज, हेमिन

## छात्रावास आश्रमों में पौधारोपण



**बिलाईगढ़।** नगर के आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास आश्रमों में बृहद रूप से पिता, दादा दादी, नाना नानी आदि की याद में एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण किया गया। प्रत्येक पौधों का देख-रेख करने हेतु रजिस्टर संधारित करते हुए पौधो का नामकरण किया गया। इन सभी पौधों का देखभाल कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं की निगरानी में हो इस प्रकार से पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग के कनिष्ठ लेखा अधिकारी शिवकुमार महिलांगे, राजकुमार अजगले सहायक ग्रेड 2 , विमल कुमार अजगल्ले विकासखंड प्रभारी आदिवासी विकास सारंगढ़, आदित्य एनसीसी प्रभारी, छात्रावास अधीक्षक संतराम धृतलहरे, विजय टंडन, महेंद्र चौहान, उर्मिला अजगल्ले, दिव्या तिवारी, सरिता कैवर्त, एनसीसी के छात्र, छात्राएं एवं समस्त कर्मचारी शामिल थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफल हुआ सिजेरियन प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कड़ी में आज कसडोल शासकीय अस्पताल में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना भेले के नेतृत्व में ग्राम सर्वा की एक गर्भवती माता का सफलतापूर्वक सी-सेक्शन (शल्यक्रिया द्वारा) प्रसव कराया गया। इस जटिल एवं महत्वपूर्ण शल्यक्रिया में जिला चिकित्सालय से विशेष सहयोग प्रदान करते हुए डॉ. भरत साहू (एनेस्थेटिस्ट) एवं डॉ. राकेश प्रधान (सर्जन) उपस्थित रहे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के समन्वित प्रयासों से माता एवं नवजात दोनों स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं चिकित्सकों की प्रतिबद्धता के कारण क्षेत्रीय नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उपचार स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो रहा है। इस सफल ऑपरेशन ने ग्रामीण क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। ऐसी स्वास्थ्य सेवा आगे भी आम जन को प्रदान की जाती रहेगी। स्वास्थ्य विभाग ने प्रसूता एवं नवजात के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए बताया कि भविष्य में भी आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।



# सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में कैंटीन और शौचालय निर्माण का शुभारंभ

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में गुरुवार को विकास एवं जनसुविधा से जुड़े दो महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया। सिद्धेश्वर गार्डन के समीप 19.77 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय तथा सिद्धेश्वर कैंटीन का लोकार्पण मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने की। लोकार्पण अवसर पर विधायक संदीप साहू ने कहा कि सिद्धेश्वर मंदिर क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में सामुदायिक शौचालय एवं कैंटीन जैसी सुविधाएं लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएंगी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं की लंबे समय से मांग थी कि सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में बेहतर जनसुविधाएं विकसित की जाएं। इसी उद्देश्य से सामुदायिक शौचालय एवं कैंटीन की स्थापना की गई है। पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि सिद्धेश्वर मंदिर पलारी की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सामुदायिक शौचालय एवं सिद्धेश्वर कैंटीन के प्रारंभ होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि सिद्धेश्वर मंदिर पलारी की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान का प्रमुख केंद्र है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, नगर पंचायत रोहांसी के अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, नंद वर्मा, आर्यन शुक्ला मनोज दुबे,मनीष चंद्राकर, दुर्गा महेश्वर, इन्द्रदेव वर्मा,गणेश शंकर जायसवाल, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, बृजमोहन साहू, महेश ढीढी, कुश अग्रवाल गुलाब यदु मेघनाथ यादव, लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### मांग के बाद...

कर रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यह पहल शासन-प्रशासन के लिए भी एक सीख होगी कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोग किस प्रकार स्वयं समाधान खोजने को मजबूर हो जाते हैं।

### डीएमएफ की राशि...

प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष क्षेत्रों में मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र के संबंध में आधारभूत स्थिति का आंकलन कर आवश्यकताओं एवं अंतरालों (गैप) की पहचान कर गैप पूर्ति का प्रयास किया गया।शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की कमी को ध्यान में रखते हुए 453 शिक्षकों की व्यवस्था कार्य योजना में की गई है।

बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इंद्र साव, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओ. पी. शर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला पुलिस का...

गंभीर स्थितियों में त्वरित कार्रवाई क्विक रिस्पांस का बेहतरीन समन्वय दिखाया।

**पुलिस अधीक्षक शर्मा का संदेश-** इस पूर्वाभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की कार्यकुशलता को निखारना और किसी भी कानून-व्यवस्था की स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। हमारी स्वाट टीम और जिला पुलिस बल किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद और सक्षम हैं। इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार,प्रेमलाल साहू उप पुलिस अधीक्षक, उषा सोन्धिया उप पुलिस अधीक्षक, उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक (आर आई ) सहित भारी संख्या में पुलिस बल के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे। पूरा अभ्यास अत्यंत अनुशासित और सफल रहा।

### भालूकोना, जरौद...

शिकारी केसली, रानीजरौद, डिग्गी, आमाकोनी, टेकारी, लोहारी, नवापारा, बिटकुली, सुहेला, बासीन, खपराडीह, पड़कीडीह, रवेली एवं चंडी शामिल होंगे। नारायणपुर (टेमरी) शिविर में अर्जुनी (ब) अवराई, बगार, बल्दाकछार, बार, भिंभौरी, बोरसी, घिरघोल, खैरा व, खुडमुडी, मुढीपार, मुडपार (ब), पाड़ादाह, परसदा, पिपरछेडी, पुटपुरा, कोसमसरा (क), नारायणपुर एवं सेमरिया शामिल होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर की बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### रेलवे ने 15 दिनों...

वाली ट्रेनों प्लेटफार्म की सघन जांच कर कुल 594 मामलों से कुल 3,92,850 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसमें बिना टिकट यात्रा के 407 मामलों से 03,20,330 रुपए, अनियमित टिकट के 136 मामलों से 67,030 रुपये, बिना बुक किए गए लगेज के 11 मामलों से 1390 रुपये एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वालों के 40 मामलों से 4100 रुपए जुर्माना शामिल हैं। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व उचित यात्रा टिकट अवश्य लें तथा स्टेशन परिसर में प्रवेश हेतु प्लेटफॉर्म टिकट खरीदें। साथ ही रेलगाड़ी एवं रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें तथा गंदगी फैलाने एवं धूम्रपान जैसी गतिविधियों से बचें।

### करोड़ों की पेयजल...

क्षेत्रों को भी निस्तारी हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध रहता था। वर्तमान में ऐनिकट की अत्यंत जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण स्थिति के कारण उसके विभिन्न हिस्सों में दरारें उत्पन्न हो गई है,जिससे पानी का निरंतर रिसाव एवं बहाव हो रहा है और पानी संचयन पूर्णतः प्रभावित हो चुका है। परिणामस्वरूप जो ऐनिकट कुछ सालों पहले विशाल बांध जैसा दिखता था वो आज सूखे, उजाड़ स्वरूप में परिवर्तित होकर मरुस्थल जैसा दिखाई देता है। क्षेत्रवासियों के मध्य यह भी व्यापक चर्चा है कि विगत वर्षों में अवैध रेत उत्खनन एवं असंगठित गतिविधियों के कारण ऐनिकट की संरचना को गंभीर क्षति पहुँची है, जिसके चलते इसकी वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। उन्होंने कहा अमेठी ऐनिकट केवल जलस्रोत ही नहीं बल्कि बलौदाबाजार एवं महासमुंद जिलों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग भी है। इसी ऐनिकट से विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक सिरपुर और प्रदेश के प्रसिद्ध बारनवापारा अभयारण्य आने जाने का रास्ता भी है। ऐनिकट के ऊपर भी कई जगह गड्ढे और धारदार सरिये बाहर निकल आए हैं, जिससे हर पल बड़ी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस ऐनिकट से रोजाना चारपहिया और दोपहिया वाहनों का भारी संख्या में आना जाना लगा रहता है।पूर्व जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि यदि समय रहते अमेठी ऐनिकट का समुचित मरम्मत एवं संरक्षण कार्य नहीं कराया गया,तो करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पेयजल योजना एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी अनुपयोगी होकर जर्जरता की ओर अग्रसर हो जाएँगे। उन्होंने कलेक्टर कुलदीप शर्मनाक से आग्रह करते हुए जनहित एवं पलारी नगर की पेयजल आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अमेठी ऐनिकट की शीघ्र मरम्मत एवं आवश्यक पुनर्निर्माण कराने की माँग रखी,जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी को दूरभाष पर जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही कर अविलंब जानकारी देने की बात कही।स्थानीय नागरिकों ने भी अमेठी ऐनिकट की मरम्मत और पलारी के पेयजल योजना को जल्द शुरू किए जाने की मांग की है।

### सुशासन तिहार...

शिविर के नाम पर 10 दस हजार रुपए मांगे जा रहे हैं, जबकि पंचायतों को मूलभूत और 15 व 16 वे वित्त की राशि भी पूरी नहीं मिल पाई है ऐसे में शिविर के लिए दबावपूर्वक राशि मांगना सरकार की करनी और कथनी को उजागर करता है।

विधायक साव ने पूरे प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार पर सवालिया निशान लगाते हुए बताया कि प्रदेश में सिर्फ अराजकता का माहौल है। शिविर में पत्रकारों को सवाल पूछने से ना केवल रोका जा रहा है, बल्कि धमकाया जा रहा है। सुशासन तिहार में किसान खाद की कमी सहकारी बैंक की अवैध वसूली और धान खरीदी में भ्रष्टाचार को लेकर विरोध कर रहे हैं, लेकिन कही कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे है जांच की मांग कर रहे हैं लेकिन सुनवाई कही नहीं हो रही है। विगत दिनों भाटापारा ब्लाक के ग्राम करहीबाजार में आयोजित सुशासन शिविर में मुख्यमंत्री के आगमन पर किसानों को छः घंटे थाने पर बैठाकर इसलिए रखा गया, ताकि कोई मुख्यमंत्री से अनुत्तरीत सवाल न करदे। साव ने सरकार से सवाल किया कि सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को बताए ये कैसा सुशासन तिहार है, जहां समस्या का निराकरण करने के बजाय पत्रकार की आवाज को दबाया जा रहा है। किसान परेशान है जनता आक्रोशित है। प्रदेश में सुशासन नहीं चारों तरफ अराजकता और जंगल राज्य चल रहा है। अपराध चरम सीमा पर है, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता को भय सता रहा है। किसानों को यूरिया, डी. ए. पी. खाद नहीं मिल रहा वही टोकन व्यवस्था भी सही नहीं है। विधायक ने कहा कि सुशासन का दावा करने वाली भाजपा सरकार विज्ञापनों से बाहर निकले और किसानों, ग्रामीणों की सुध ले।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


छ.ग. परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज
जिला - बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)
वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह
में पधारे समस्त अतिथियों का हार्दिक स्वागत... वंदन....अभिनंदन...
कार्यक्रम दिनांक 06.06.2026
कार्यक्रम स्थान ग्राम जामडीह
अध्यक्ष-युवा प्रकोष्ठ
श्री केशव वर्मा
विनीत : समस्त छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज, जिला बलौदाबाजार - भाटापारा

## खबर संक्षेप

### पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों के लिए दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग के अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में निर्माण कार्य से जुडे 60 प्रकार के प्रवर्गो में पंजीकृत कर उनके लिये जन्म से मृत्यु तक लगभग 28 प्रकर की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिकों के जीवनयापन के स्तर को उंचा उठाने एवं आय में वृध्दि तथा रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से मंडल में 3 वर्ष पूर्व पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिकों के लिये दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना संचालित की जा रही हैं जिसके अंतर्गत 1,50,000 रूपये की अनुदान राशि मण्डल द्वारा प्रदाय किया जाना प्रावधानित है। इस योजना के लिये पात्र निर्माण महिला श्रमिक अपने पसंद के ई रिक्शा कंपनी का चयन कर बैंक से ऋण प्राप्त करने के पश्चात विभाग की वेबसाईट नजदीकी श्रम संसाधन केन्द्र, च्वाईस सेंटर अथवा श्रम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 117 में आकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सायकिल ऑन संडे का आयोजन कल

**बलौदाबाजार**। विश्व साइकिल दिवस पर फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत "संडे ऑन सायकल " विशेष अभियान का आयोजन 7 जून रविवार को प्रातः 6 बजे से किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य आमजन में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। साइकिल रैली का शुभारंभ योग भवन, पंचशील नगर बलौदाबाजार से होगा। रैली योग भवन से प्रारंभ होकर परशुराम चौक, कार्यालय नगर पालिका, गौरव पथ रोड, यातायात कार्यालय से मेन रोड, दशहरा मैदान, ज्ञान गंगा विधा मंदिर स्कूल से यू-टर्न लेकर पुनः दशहरा मैदान, बस स्टैंड, गार्डन चौक, तहसील कार्यालय, कलेक्ट्रेट रोड से योग भवन में सम्पन्न होगी। इस आयोजन में युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली तथा साइकिलिंग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया जाएगा।आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों एवं समूहों के लिए पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

### अहिल्या स्कूल में पौधरोपण, छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**बलौदाबाजार**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल, लाहोद में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. निशा झा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. निशा झा ने कहा कि पौधारोपण ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का आधार है। यदि बच्चों को प्रारंभ से ही पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की प्रेरणा दी जाए तो आने वाली पीढ़ियां पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जागरूक होंगी और धरती को हरा-भरा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वहीं विद्यालय के प्राचार्य जी.सी. दास ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का साझा दायित्व है। वनों की कटाई और बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना, जल संरक्षण करना तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा छोटा-सा प्रयास भी भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित कर सकता है। जिस प्रकार हम अपनी माता की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार प्रकृति रूपी मां की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। विद्यालय के संचालक रमाकांत साहू एवं प्रबंधक दिलीप साहू ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विद्यालय परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिवस : विश्व पर्यावरण दिवस पर संयंत्र में विविध कार्यक्रम, किया गया पौधारोपण

# जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरी, लगाएं पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स में विश्व पर्यावरण दिवस एवं पर्यावरण सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम, स्लोगन प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकना और पृथ्वी को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। तकनीकी प्रमुख अभिजीत जोशी ने जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। खदान प्रमुख अभिषेक भारद्वाज ने पर्यावरणीय नियमों की जानकारी देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया। वाणिज्यिक प्रमुख सुनंदा बसु ने हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई, जबकि एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर ने जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं जैविक खेती जैसे प्रयासों की सराहना की।

पर्यावरण सप्ताह के दौरान विभिन्न विभागों में टूल बॉक्स टॉक के माध्यम से कर्मचारियों को जागरूक किया गया। इलेक्ट्रिकल प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह ने ऊर्जा संरक्षण तथा मैकेनिकल प्रमुख सुरेश एच. ने जल संरक्षण संबंधी उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्लोगन प्रतियोगिता एवं ऑनलाइन क्विज के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं संयंत्र के एएफआर एरिया एवं खदान परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत अधिकारियों, ठेकेदारों एवं श्रमिकों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पर्यावरण प्रमुख डॉ. अभिषेक मिश्रा, सुरक्षा विभाग प्रमुख प्रशांत गिरपुंजे, सिविल प्रमुख विशाल साहू, हॉर्टिकल्चर विभाग से किशोर उरकुडे, टेक्निकल सेल से तृप्ति साहू, गुणवत्ता प्रमुख राजेश अवस्थी, एडमिन विभाग प्रमुख बलराम भाटी, एचआर प्रमुख अंतर्यामी सामल, सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा, माइंस विभाग प्रमुख जय कुमार सचदेवा, जियोलॉजिस्ट हेमंत कुमार वर्मा एवं विजीत तभाने का विशेष योगदान रहा।

### सीमेंट प्लांट में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**बलौदाबाजार**। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर श्री रायपुर सीमेंट प्लांट में पर्यावरण सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण की शपथ एवं पौधारोपण से हुई, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने सहभागिता निभाई। इकाई प्रमुख हुकम चंद गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, सीवेज प्रबंधन एवं "पर्यावरण के लिए जीवन शैली " अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। पर्यावरण अधिकारी राजश्री गुप्ता एवं अशोक वर्मा के मार्गदर्शन में प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, स्लोगन, भाषण प्रतियोगिता तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। सुरक्षा प्रमुख शैलेन्द्र राठौड़ ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हुकम चंद गुप्ता, देवेन्द्र सिंह, मानसिंह चौहान, मानवेन्द्र सिंह एवं मनोज कुमार बगोरिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। अनुभव त्रिवेदी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अशोक कुमार, चेतन सोमानी, राजश्री गुप्ता, चेतन कपाही, रजनीश शर्मा, अमित चौहान, देवेन्द्र सिंह, मानसिंह चौहान, मानवेन्द्र सिंह, मनोज कुमार बगोरिया, शैलेन्द्र राठौड़, अशोक वर्मा, अनुभव त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण विभाग प्रमुख मनोज सुथार ने आभार व्यक्त किया।

### भारतीय संस्कृति में पेड़ों को देवता मानकर पूजन की परंपरा सनातन काल से : टेसूलाल



**बलौदाबाजार/अर्जुनी**। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी संस्कृति में गहरे सम्मान को दर्शाने वाला भाव है तभी तो भारत में वृक्षों की पूजा देव मानकर सनातन काल से प्रचलित है। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम अर्जुनी के संघ शताब्दी उद्यान में आयोजित वृक्षारोपण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत माता सेवा ट्रस्ट के संस्थापक टेसूलाल धुरंधर जी ने कहा कि पर्यावरण की समस्या अपने गांव या अपने देश का नहीं अपितु वैश्विक स्तर पर चिंता और चिंतन का विषय बना हुआ है । हवा, पानी, भूमि दिन प्रतिदिन तीव्र गति से प्रदूषित हो रहे हैं परिणामतः समस्त जीव सृष्टि असंतुलन का शिकार बन रहे हैं। प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को हमें समझना होगा । छोटी आयु में ही हमारे पूर्वजों ने पर्यावरण का महत्व समझाते हुए वृक्षारोपण जल संवर्धन तथा ऊर्जा का दुरुपयोग टालने के वृत्ति के बारे में जागरूक किया करते थे। इस अवसर पर भारत माता सेवा ट्रस्ट के स्वयंसेवकों द्वारा पेड़ों की पूजा की गई है उन्हें रक्षा सूत्र बांधा गया और संकल्प लिया गया कि पर्यावरण की समस्या केवल जानकारी लेने मात्र से हल नहीं होगा इसकी रक्षा हेतु हमें अपने चिंतन और व्यवहार में परिवर्तन लाने के प्रति दृढ़ संकल्पित रहेंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर नीरज परगनिहा, तुलाराम वर्मा, डोमन लाल वर्मा, डमरूधर वर्मा, सुनीता वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, चित्ररेखा साहू, रवि वर्मा, प्रमोद सांखला, सुखराम ध्रुव, विष्णु साहू, चिंतामणि साहू, मोहित रजक, सालिकराम वर्मा, गंगाप्रसाद यदू, जावेंद्र सोनी, मेघनाथ वर्मा, पुरेद्र वर्मा, सालिक राम वर्मा, राधेश्याम साहू, हरिशंकर यदू, मुखित साहू, पूरनलाल वर्मा, श्रवण निषाद आदि उपस्थित थे।



### गर्मी से बचने पौधा लगाना जरूरी

**खरोरा**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस पर कल्पतरु अभियान के अंतर्गत संस्था के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा जल जीवन मिशन,एक पेड़ मां के नाम, वृहद पौधारोपण कार्यों के माध्यम से पृथ्वी और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत करते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था की संचालिका ब्र कु उमा दीदी ने कहा कि धरती पर तापमान की तपिश सभी महसूस कर रहे हैं। भीषण गर्मी से बचने का एकमात्र उपाय पेड़ लगाना है, इसलिए सभी अपने अपने स्तर पर पेड़ लगा कर उसकी सुरक्षा भी करें। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सावित्री बहन, सुनीता बहन, सुशीला वर्मा, संजीव देवांगन, विनोद वर्मा, भरत वर्मा, जगराखन धीवर, होमन लाल वर्मा, रिखी राम धीवर, घना राम भाई, अरुण वर्मा, रामकुमार देवांगन, अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े भाई बहन उपस्थित रहे।

### थाना भटगांव परिसर में फलदार पौधों से बढ़ी हरियाली



**भटगांव**। विश्व पर्यावरण दिवस पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के थाना भटगांव परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी शिव कुमार धारी के नेतृत्व में समस्त पुलिस स्टाफ द्वारा फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। थाना परिसर में लगाए गए फलदार पौधे भविष्य में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण मिल सके। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से थाना भटगांव पुलिस ने आमजन को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का सराहनीय संदेश दिया।

### रोहांसी में रोपे गए पौधे

**पलारी**। शुक्रवार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रोहांसी नगर के स्वयंसेवी संगठनों एवं प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा योगेश साहू एवं शिवा साहू के जन्मदिन को यादगार बनाने पौधरोपण किया गया।यह कार्यक्रम रोहांसी के गंगाराम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर एवं पेट्रोल पंप परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर देवेंद्र (डंडी) साहू, डॉ मनहरे,परस साहू, कौशल साहू, लखन यादव, ईश्वर बघेल, योगेश साहू, शिवा साहू, बुधारू साहू, विमल साहू, हरिकीर्तन यादव, किशन यादव एवं खिलावन साहू उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। सभी ने मिलकर स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में मंत्री और सांसद ने किया पौधारोपण

**बलौदाबाजार**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दाऊ कल्याण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए। इस दौरान कॉलेज परिसर में लगभग 100 पौधे रोपे गये। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। बरसात के मौसम में हर किसी को पेड़ लगाना चाहिए। अपने खेत, बाड़ी, नदी-नालों एवं तालाबों के किनारे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। इसके साथ ही शहरों में भी पेड़ लगाकर हरा- भरा बनाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत





सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता



**हिरमी रावन**। पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत मोहरा में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पंचायत परिसर पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच तारिणी वर्मा एवं सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा सहित पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच तारिणी वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं औरों के बारे में तो नहीं कहता, लेकिन मेरे द्वारा लगाए गए पौधे मेरे कार्यकाल में निश्चित रूप से विकसित होकर वृक्ष बनेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति एक वृक्ष नहीं लगा सकता तो कम से कम एक वृक्ष को काटने से अवश्य बचाए। उन्होंने अवैध वृक्ष कटाई के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात भी कही। कार्यक्रम में सचिव इंद्रसेन वर्मा, रोजगार सहायक सत्यनारायण टंडन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्रिका वर्मा, पंच चमनलाल वर्मा, कोटवार प्रहलाद मानिकपुरी, घनश्याम टंडन, मंतोष कुमार, लेखराम वर्मा, घनश्याम वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पौधों की देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली

## भरत देवांगन स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया, जिससे विद्यालय परिसर हरियाली से आच्छादित होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें प्रकृति के महत्व से अवगत कराना रहा। सभी उपस्थित जनों ने पौधों की नियमित देखभाल करने, उन्हें सुरक्षित रखने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। यदि हम प्रकृति को सुरक्षित नहीं रखेंगे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन संकट में पड़ सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा— प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करे। वृक्ष केवल छाया या फल नहीं देते, बल्कि वे हमें शुद्ध वायु, संतुलित जलवायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करते हैं। आज बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है कि हम प्रकृति के संरक्षण को अपनी आदत में शामिल करें। कार्यक्रम में शाहिना परवीन, संगीता नायक, नीतू यादव, शैलजा शर्मा, अंकृति भिड़े, नदीश साहू, अनिल साहू, आकाश परिहार, जास्मी जोश, कृतिका वर्मा तथा विक्रम आडिल सहित समस्त स्काउट गाइड, रोवर-रेंजर एवं एन.एस.एस. के छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## दीवार लेखन से दिया स्वच्छता का संदेश

# जिले में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन जागरूकता पखवाड़ा








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस मुहिम के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिले की सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में सघन दीवार लेखन का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों, पंचायत भवनों और प्रमुख चैराहों की दीवारों पर आकर्षक व ज्ञानवर्धक स्लोगन लिखकर आम नागरिकों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण परिवेश को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाया जा सके। यह विशेष जागरूकता पखवाड़ा 1 जून से 15 जून तक पूरे जिले में संचालित किया जा रहा है। इस 15 दिवसीय अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सूखे और गीले कचरे के सही निपटान, प्लास्टिक के सीमित उपयोग और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस पखवाड़े के दौरान केवल दीवार लेखन ही नहीं, बल्कि विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सीधे ग्रामीणों से संवाद साधा जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वसहायता समूहों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि स्वच्छता की यह अलख हर घर तक पहुंचे और जिला पूर्ण रूप से स्वच्छ और सुंदर नजर आए।



### भाटापारा निपनिया पुलिस का रेलवे स्टेशनों में संयुक्त चेकिंग अभियान

**भाटापारा**।.जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। दरमियानी रात पुलिस की अलग-अलग टीमों ने संवेदनशील इलाकों में औचक दबिश दी। इस संयुक्त आकस्मिक चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशन भाटापारा में सघन चेकिंग की। कार्रवाई के मुख्य बिंदु में देर रात आने-जाने वाली ट्रेनों, प्लेटफॉर्मों, प्रतीक्षालयों और स्टेशन परिसर के आसपास संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई, यात्रियों के सामानों की सुरक्षा जांच की गई और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई, स्टेशन के आसपास के ढाबों, होटलों और सुनसान इलाकों में भी पुलिस ने गश्त कर असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी। सुरक्षा का अहसास कराना मुख्य उद्देश्य- पुलिस के अनुसार, इस आकस्मिक अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और रेल यात्रियों में सुरक्षा की भावना पैदा करना तथा अपराधियों व संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के हौसले पस्त करना है। औचक चेकिंग अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।